Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 24 जून, 2023

महादयी नदी पर कलसा-बंदूरी परियोजना

कर्नाटक की पूर्व राज्य सरकार द्वारा विधानसभा चुनावों से ठीक पहले शुरू की गई**विवादास्पद कलसा-बंदूरी परियोजना** हेतु निविदाओं को **वन और पर्यावरण मंज़ूरी के अभाव के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।** कलसा-बंदूरी परियोजना का लक्ष्य कर्नाटक के बेलगावी, धारवाड़, बागलकोट एवं गडग ज़िलों में पेयजल आपूर्ति में सुधार करना है। इसमें**मालप्रभा नदी ([कृष्णा नदी](#) की एक सहायक नदी) से जोड़ने हेतु महादयी नदी की दो सहायक नदियों कलसा और बंदूरी पर बैराज** बनाना शामिल है। **महादयी या म्हादेई पश्चिम की ओर बहने वाली नदी** कर्नाटक के बेलगावी ज़िले के **भीमगढ़ वन्यजीव अभयारण्य (पश्चिमी घाट)** से निकलती है। यह नदी गोवा, कर्नाटक और महाराष्ट्र के ज़िलों से होकर प्रवाहित होती है। कलसा-बंदूरी परियोजना [अंतरराज्यीय जल विवाद](#), **पर्यावरण संबंधी चिंताओं तथा स्थानीय समुदायों के विरोध के कारण विवादास्पद है।**

//

और पढ़ें... [महादयी नदी और कलसा-बंदूरी परियोजना](#)

असम में आई बाढ़ और बेकी नदी

असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की दैनिक बाढ़ रिपोर्ट के अनुसार, **असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर** बनी हुई है, **राज्य के लगभग 20 ज़िले लगातार हो रही बारिश से प्रभावित** हैं। ब्रह्मपुत्र नदी की सहायक नदी बेकी फिलहाल खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, बाढ़ के जल ने तटबंधों, सड़कों और पुलों सहित विभिन्न बुनियादी ढाँचों को बहुत नुकसान पहुँचाया है। **बेकी नदी** भूटान से निकलती है (जिसे कुरिसु नदी के नाम से भी जाना जाता है) और**ब्रह्मपुत्र नदी के दाहिने किनारे की ओर बहने वाली सहायक नदियों में से एक** है। **इस नदी का एक बड़ा हिस्सा असम से होकर बहता** है। यह नदी असम में कई समुदायों के लिये आजीविका और परिवहन साधन के रूप में कार्य करती है।

और पढ़ें...[ब्रह्मपुत्र नदी](#)

बायोडिग्रेडेबल बर्तन: BIS

हाल ही में **भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) ने IS 18267: 2023 "कृषि उप-उत्पादों से बने भोजन परोसने वाले बर्तन- विशिष्टता"** जारी किया जिसका उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण को कम करना और स्थिरता को बढ़ावा देना है। इस मानक में बायोडिग्रेडेबल बर्तनों के उत्पादन के लिये कच्चे माल, विनिर्माण तकनीक, प्रदर्शन और स्वच्छता आवश्यकताओं सहित विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है।**ये बर्तन हानिकारक योजकों से मुक्त हैं तथा उपभोक्ता की अच्छी सेहत को सुनिश्चित करते हैं।** यह मानक कृषकों के लिये आर्थिक अवसर भी उत्पन्न करता है और [सतत् कृषि पद्धतियों](#) का समर्थन करता है।

इसके साथ यह ग्रामीण विकास में योगदान देता है और[चक्रीय अर्थव्यवस्था] को बढ़ावा देता है। **BIS की स्थापना वस्तुओं के मानकीकरण, अंकन और गुणवत्ता प्रमाणन गतिविधियों के सामंजस्यपूर्ण विकास तथा उससे जुड़े या उसके आकस्मिक मामलों** के लिये की गई है। **इसकी स्थापना BIS अधिनियम, 1986 द्वारा की गई थी और यह उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तत्त्वावधान में काम करता है। एक नया** [BIS अधिनियम 2016] **अक्तूबर 2017 से लागू किया गया था।** अधिनियम BIS को **भारत के राष्ट्रीय मानक निकाय** के रूप में स्थापित करता है।

और पढ़ें... [भारतीय मानक ब्यूरो (BIS)], [प्लास्टिक प्रदूषण]

कैनरी द्वीप समूह

प्रवासन पर ध्यान केंद्रित करने वाले दो संगठनों द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, **स्पेन के कैनरी द्वीप की ओर** जा रही एक छोटी नाव के डूबने से 30 से अधिक प्रवासियों की मौत हो गई। स्पेन के कैनरी द्वीप**अटलांटिक महासागर में एक द्वीपसमूह से मिलकर बने हैं।** कैनरी में **ला पाल्मा और सांता क्रूज़ डे टेनेरिफ के स्पेनिश प्रांत** शामिल हैं। कैनरी द्वीप समूह **का निर्माण लाखों वर्ष पूर्व ज्वालामुखी विस्फोट से हुआ था।**

और पढ़ें... [कैनरी द्वीप समूह]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-24-june-2023